बुधवार
03 अगस्त 2022



पृष्ठ 4
ईटिंग डिसऑर्डर यानी खान-पान से जुड़ी बीमारी



पृष्ठ 5
रवि तेजा ने अगली फिल्म के लिए मेगास्टार चिरंजीवी के साथ किया काम



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 178
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

स्वतंत्र वही हो सकता है जो अपना काम अपने आप कर लेता है।

— विनोबा

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई.- 59626/94

email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# धारचूला में भूस्खलन से भारी तबाही

विशेष संवाददाता

पिथौरागढ़। यूं तो बारिश के कारण पूरे प्रदेश का जनजीवन इन दिनों अस्त व्यस्त है लेकिन सीमान्त जनपद पिथौरागढ़ के धारचूला में हुए भारी भूस्खलन से बड़ी तबाही की तस्वीरें सामने आई हैं।

धारचूला के मुख्य बाजार के ऊपर पहाड़ से हुए भारी भूस्खलन से 6 घर पूरी तरह से जमींदोज हो गए हैं वहीं धारचूला का पूरा बाजार भूस्खलन की चपेट में आ गया है। पहाड़ से आए भारी भारी बोल्डर और मलबे के कारण पूरा क्षेत्र खतरे की जद में आ गया है। गनीमत यह रही कि समय रहते प्रशासन द्वारा सभी घरों को खाली करा लिया गया था तथा बाजार को बंद करा दिया गया था जिससे इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

एलधारा क्षेत्र में हुए भारी भूस्खलन के बाद सेना ने मोर्चा संभाल लिया है पूरे क्षेत्र को संवेदनशील जोन घोषित कर दिया गया है तथा लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। धारचूला का पूरा बाजार खतरे की जद में आ गया है



File Photo

**●सेना ने संभाला मोर्चा, पूरा इलाका संवेदनशील घोषित**

**●छह मकान ध्वस्त, लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाया**

तथा दुकानों से सामान को निकाल पाना भी संभव नहीं हो पा रहा है। सेना के जवान और स्थानीय प्रशासन अब मलबे को हटाने में जुटा हुआ है।

धारचूला से पिथौरागढ़ होते हुए लिपुलेख जाने वाली सड़क भी एलधारा बैंड पर हुए भारी भूस्खलन के कारण बंद हो गई है। भूस्खलन के दौरान यूपीसीएल का सामान लेकर जा रही पिकअप भूस्खलन की चपेट में आ गई। भारत चीन सीमा को जोड़ने वाली इस प्रमुख सड़क पर भारी मात्रा में बड़े-बड़े बोल्डर और मलवा आ गया है जिसके कारण मार्ग पर आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई है तथा कई गांवों का संपर्क मुख्यालय से कट गया है। भारत नेपाल सीमा पर महाकाली नदी भी इस समय उफान पर है। सड़क मार्ग बंद होने से सेना की आवाजाही भी बंद हो गई है तथा दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी लाइनें लगी हुई हैं। प्रशासन द्वारा 90

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## कीमती सामान व जेवर की तलाश जारी

धारचूला। भूस्खलन की चपेट में आए घरों से अब सेना के जवान कीमती सामान और जेवर आदि की तलाश भी कर रहे हैं। कर्नल अजय व मोहन चंद्र के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान में अब तक 10 से 12 लाख तक के जेवर व सामान तलाश कर पीड़ित परिवारों को दिया जा चुका है। जिन परिवारों को यह सम्मान दिया गया है उसमें वर्मा परिवार भी शामिल है।

# हरिद्वार जेल में फटा कोरोना बम

**●70 कैदियों के कोरोना पॉजिटिव मिलने से मचा हड़कंप**

विशेष संवाददाता

देहरादून/हरिद्वार। कांवड़ मेला निपटने के बाद सूबे में कोरोना संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। कोरोना संक्रमण की दर जहां 11 फीसदी से ऊपर पहुंच गई है वहीं बीते 2 दिनों में 4 मौतों के कारण शासन-प्रशासन के भी कान खड़े हो गए हैं। इस बीच हरिद्वार जेल से आई कोरोना विस्फोट की खबर से जिला प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। 70 कैदियों के कोरोना पाजिटिव होने की बात सामने आई है जबकि जेल के अधिकारी 43 लोगों में सामान्य लक्षण होने तथा कैदियों को क्वारंटाइन करने की बात कहकर इसे हल्के में ले रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि इन कैदियों का 28-29 जुलाई को एक स्वास्थ्य शिविर में अन्य टेस्टों के लिए सैंपल लिए गए थे 900 लोगों के सैंपलों में से अभी सिर्फ 500 के करीब की जांच रिपोर्ट आई है जिसमें से 70 कैदी कोरोना पाजिटिव हैं। अभी बाकी कैदियों की रिपोर्ट आना बाकी है। जिससे इस बात की संभावना जताई जा रही है कि यह संख्या अभी और अधिक बढ़ सकती है।

राज्य में बीते दो-तीन सप्ताह से कोरोना केस लगातार बढ़ते जा रहे हैं



तथा बीते कल सर्वाधिक 346 केस नए मिले हैं। जिसमें से अकेले देहरादून में 188 है। राज्य में अब कोरोना संक्रमितों की संख्या 2000 के पार पहुंच गई है। वही मौतों का भी सिलसिला शुरू हो चुका है। यह हाल तब है कि जब पहले की तुलना में एक चौथाई भी सैंपल नहीं लिए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत का कहना है कि लोगों को बूस्टर डोज लेने के साथ ही कोरोना गाइडलाइंस का पालन करना जरूरी है जो अब लगभग शून्य स्तर पर पहुंच गया है।

## 'रेवड़ी कल्चर': सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग और सरकार से मांगा रोकने के लिए सुझाव

नई दिल्ली। देश में मुफ्त में सुविधाएं देने के चुनावी वादों पर सर्वोच्च अदालत ने सख्त रूख अपनाया है। इस मामले से जुड़ी एक याचिका की सुनवाई के दौरान सर्वोच्च अदालत ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है और सरकार एवं चुनाव आयोग इससे अपना पल्ला नहीं झाड़ सकते। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि चुनावी अभियान के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा दी जाने वाली मुफ्त सुविधाओं को रोकने के लिए नीति आयोग, वित्त आयोग, सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों, भारतीय रिजर्व बैंक और अन्य हितधारकों के सदस्यों को मिलाकर एक शीर्ष निकाय बनाने की आवश्यकता है जो इस बात पर सुझाव दे कि नियंत्रण कैसे किया जाए। सर्वोच्च न्यायालय ने भी यह भी कहा कि ये मुद्दा सीधे देश की अर्थव्यवस्था पर असर डालता है। इस मामले को लेकर एक हफ्ते के भीतर ऐसे विशेषज्ञ निकाय के लिए प्रस्ताव मांगा गया है। अदालत ने केंद्र, चुनाव आयोग, वरिष्ठ अधिवक्ता और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल और याचिकाकर्ताओं को विशेषज्ञ निकाय के गठन पर सात दिनों के भीतर अपने सुझाव देने को कहा है। अब इस जनहित याचिका पर 11 अगस्त को अगली सुनवाई होगी। हालांकि सुनवाई के दौरान कपिल सिब्बल ने अदालत में कहा कि इस मामले पर बहस करने और कानून पारित करने के लिए इसे संसद पर छोड़ दिया जाना चाहिए। सिब्बल के जवाब में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल मुफ्त के खिलाफ खड़ा नहीं होगा।

# पिछले 24 घंटो में सामने आए कोरोना संक्रमण के 17,135 नए मामले, 47 लोगों की हुई मौत

नई दिल्ली । भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 17,135 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,40,67,144 हो गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 47 और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,26,477 हो गई। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,37,057 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.31 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 2,735 की कमी दर्ज की गई।



अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 3.69 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 4.67 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,34,03,610 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 204.84 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं।

गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे।

देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# तिरंगा राजनीति का मुद्दा नहीं

क्या इस देश के नेताओं को कोई यह समझा सकता है कि राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) कोई राजनीति का मुद्दा या विषय नहीं है। यह हैरान करने वाली बात है कि बीते कुछ सालों में राष्ट्रभक्ति पर भी राजनीति हो रही है और अब यह राजनीति तिरंगे तक जा पहुंची है। जिस देश की आत्मा राष्ट्र और तिरंगे में बसती हो और जिस देश का शासन-प्रशासन संविधान से सांसे लेता हो वहां इन मुद्दों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। लेकिन आज देश के नेताओं में इस बात की होड़ लगी हुई है कि वह एक दूसरे को राष्ट्र विरोधी और स्वयं को राष्ट्रभक्त साबित करने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं अगर ऐसा नहीं होता तो आज इस राजनीति के केंद्र में तिरंगा नहीं आया होता। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा आजादी के 75 साल पूरे होने पर अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। भाजपा द्वारा इन दिनों पूरे देश में हर घर तिरंगा फहराने का अभियान चलाया जा रहा है। 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर मुफ्त तिरंगा पहुंचाने के लिए भाजपा द्वारा अभियान जारी है। केंद्र सरकार ने आज लाल किले से एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। लेकिन इस तिरंगा यात्रा में विपक्ष का कोई एमपी या एमएलए शामिल नहीं हुआ। भाजपा ने इसे लेकर सवाल उठाना शुरू कर दिया इसे लेकर कहा जा रहा है कि कांग्रेस ने पहले राष्ट्रपति का अपमान किया और ऐसा करके तिरंगे का अपमान किया है कांग्रेस का कहना है कि यह भाजपा का कार्यक्रम था वह अपनी तिरंगा यात्रा अलग निकालेंगे। राहुल गांधी ने ट्वीट कर इस विवाद पर कहा है कि तिरंगा देश की आन-बान और शान है तिरंगा हर भारतीय की दिल में रहता है। उन्होंने अपनी डीपी पर भी जवाहरलाल नेहरू की तिरंगे के साथ फोटो लगाई है। अभी 2 दिन पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी डीपी पर तिरंगे की फोटो लगाते हुए सभी नेताओं से अनुरोध किया था कि वह भी अपनी डीपी पर तिरंगा लगाएं। तिरंगा किसी भाजपा या कांग्रेस का तिरंगा नहीं है तिरंगा इस देश का तिरंगा है। इस तिरंगे की आन-बान और शान पर हजारों हजार देशवासियों ने अपनी जान हंसते-हंसते कुर्बान की है। इस देश का स्वतंत्रता संग्राम जिन्होंने लड़ा उनसे पूछ कर देखो कि उनके लिए तिरंगा क्या है इस तिरंगे के लिए पूरे देश ने कुर्बानियां दी है। आज जो नेता तेरा मेरा तिरंगा का राग अलाप रहे हैं उनमें से किसी को भी इसका अधिकार नहीं है और न ही उनमें से किसी एक का यह तिरंगा है यह देश का तिरंगा है और नेताओं से निवेदन है कि इसे देश का ही तिरंगा रहने दे राष्ट्रभक्ति और तिरंगे के नाम पर छद्म राजनीति से बाज आएं तथा राष्ट्रीय एकता की आड़ में विभाजन की सीमाएं खींच कर देश को शर्मिंदा न करें। राजनीति के लिए उनके पास और भी बहुत सारे मुद्दे हैं उन पर खूब कुर्ता घसीटन कर देश की एकता और अखंडता को अक्षुण बनाए रखें।

# दोहरा मानदंड ठीक नहीं

आरोप लगा है कि ब्रिटिश सेना के विशेष बल- एसएस ने अफगानिस्तान में तैनाती के दौरान युद्ध अपराध किए। खास बात यह है कि खुद बीबीसी ने ये खुलासा किया है। यानी यह नहीं कहा जा सकता कि यह किसी दुश्मन देश का दुष्प्रचार है।

कुछ समय पहले जब यूक्रेन में रूसी फौज पर युद्ध अपराध करने के आरोप लगे, तो ब्रिटिश सरकार ने बढ़-चढ़ कर रूस विरोधी मुहिम को हवा दी। लेकिन उस घटना के कुछ महीनों के अंदर ही अब ब्रिटेन पर ही ये तोहमत आ गिरी है। आरोप लगा है कि ब्रिटिश सेना के विशेष बल- स्पेशल एयर सर्विस (एसएएस) ने अफगानिस्तान में तैनाती के दौरान घोर युद्ध अपराध किए। खास बात यह है कि खुद बीबीसी ने ये खुलासा किया है। यानी यह नहीं कहा जा सकता कि यह किसी दुश्मन देश का दुष्प्रचार है। बीबीसी के मुताबिक ऐसे संकेत हैं कि एसएएस ने अफगानिस्तान में छह महीनों की अपनी एक तैनाती के दौरान 54 लोगों की गैर-कानूनी तरीके से हत्या कर दी। यह दावा भी किया गया है कि एसएएस के पूर्व ने हत्या संबंधी जांच के लिए सबूत उपलब्ध नहीं करवाए। एसएएस के पूर्व प्रमुख जनरल सर मार्क कार्लटन-स्मिथ को को कथित गैर-कानूनी हत्याओं के बारे में बताया गया था। लेकिन जब रॉयल मिलिटरी पुलिस ने आरोप की जांच शुरू की, तो उन्होंने सबूत नहीं दिए। बल्कि बाद में जनरल कार्लटन-स्मिथ ब्रिटिश सेना के प्रमुख बन गए।

हाल ही में वे इस पद से रिटायर्ड हुए हैं। जाहिर है, ये रिपोर्ट से ब्रिटिश सेना पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। मगर ब्रिटिश सरकार अपनी सेना के बचाव में आ खड़ी हुई है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान ने कहा है कि इन बलों ने साहस और पेशेवर कौशल के साथ अफगानिस्तान में अपनी सेवा दी। बीबीसी को हाथ लगे दस्तावेजों के मुताबिक एसएएस ने 2010-11 में अफगानिस्तान के हेल्मांद प्रांत में रात में डाले गए छापों के दौरान निहत्थे लोगों की हत्याएं कीं। बाद में घटनास्थल पर उन्होंने एके-47 जैसे हथियार रख दिए, ताकि हत्याओं को बाद में उचित ठहराया जा सके। बीबीसी के मुताबिक अंदरूनी ई-मेल से जाहिर हुआ है कि सबसे उच्च पदस्थ अधिकारियों को इन घटनाओं की जानकारी थी। लेकिन जब आरएमपी ने जांच की, तब उन अधिकारियों ने अपनी राय उसे नहीं बताई। तो स्पष्ट: अब ब्रिटेन कठघरे में है। लेकिन वह इससे चिंतित नजर नहीं आता। (आरएनएस)

# राज्य में काम कर रहे उद्योग ही हमारे ब्रांड एम्बेसेडर: सीएम



कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में राज्य स्तरीय उद्योग मित्र समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य में काम कर रहे उद्योग ही हमारे ब्रांड एम्बेसेडर है। राज्य सरकार द्वारा इन्वेस्टर्स फ्रेंडली वातावरण बनाने के लिए बहुत से सुधार किये गये हैं। इसी का परिणाम है कि पिछले एक वर्ष में 9 हजार करोड़ से अधिक का निवेश राज्य में हुआ है। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस में हम एचीवर्स की श्रेणी में आए हैं। इन्फ्रास्ट्रक्चर, नीति सुधार व सरलीकरण में काफी काम किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर सम्भव नीतिगत व रेगुलेटरी सुधार करने के लिये तत्पर है। औद्योगिक क्षेत्रों में मैप एप्रूवल सीडा के माध्यम से कराए जाने की औद्योगिक एसोसिएशन के प्रतिनिधियों की मांग पर मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को इसका परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। एमएसएमई के तहत छोटे छोटे औद्योगिक प्लॉट के ट्रांसफर की प्रक्रिया को सरल किया जाए। मुख्यमंत्री ने प्लास्टिक रीसाइक्लिंग व वैकल्पिक औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहित करने की नीति बनाने के भी निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिले में आवश्यकतानुसार लीसा डिपो बनाने का परीक्षण कर लिया जाए । सोलर पॉलिसी को रिवाईज किया जाए। इसके लिये उद्योगों से भी सुझाव लिये जाएं। बायोमास, इको टूरिज्म और आयुष क्षेत्र को बढावा देने के लिए जरूरी सुधार किये जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सभी के सहयोग से निवेश फ्रेंडली वातावरण बना रही है। जो भी सुझाव प्राप्त होते हैं उन्हें गम्भीरता से लिया जाता है। विभिन्न बैठकों, संवाद कार्यक्रमों में कुल 133 बिंदुओ पर सुझाव मिले थे, इनमें से 87 पर कार्यवाही हो चुकी है या निर्णय लिये जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में केंद्र सरकार के सहयोग से कनेक्टीवीटी में काफी काम हुआ है। लगभग 30 हजार करोड़ से अधिक की सड़क परियोजनाओं पर काम चल रहा है। मुख्यमंत्री ने बैठक में उपस्थित उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों से हर घर झंडा अभियान में 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की।

इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड के अध्यक्ष श्री पंकज गुप्ता, सिडकुल मैनुफेक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरेंद्र गर्ग सहित अन्य ने कहा कि पिछले एक साल में उद्योगों को बढावा देने के लिए काफी काम किया गया है। हमारे सुझावों को गम्भीरता से लिया जाता है। उन्होंने अपने अपने सुझाव भी दिये।

इस अवसर पर औद्योगिक विकास विभाग, सार्वजनिक उद्यम विभाग, एमएसएमई विभाग के महत्वपूर्ण शासनादेशों की संकलन पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

बैठक में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सुबोध उनियाल, धनसिंह रावत, मुख्य सचिव डॉ एस एस संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, आर मीनाक्षी सुन्दरम, डॉ पंकज कुमार पाण्डे, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# दो युवक चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो युवकों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीएसएनएल कालोनी निवासी देवेन्द्र सिंह बिष्ट ने बसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि चोरो ने उसके मकान का ताला तोडकर वहां से दो पर्स, एटीएम कार्ड, दो चांदी के बिछवे व दो मोबाइल चोरी कर लिये है।



पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तो पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। जिसके चलते आज पुलिस ने काली मन्दिर के पास टी स्टेट से दो लोगों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम प्रवेश राज बेलवाल पुत्र विनय बेलवाल निवासी ऋषि विहार व शिवा कश्यप पुत्र रामकुमार कश्यप निवासी पीपल के पेड के पास शास्त्री नगर खाला बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

सनितासि प्रवतो दाशुषे चिद्याभिर्विवेषो हर्यश्व धीभि:।
ववन्मा नु ते युज्याभिरूती कदा न इन्द्र राय आ दशस्ये:।।
(ऋग्वेद ७-३७-५)

हे इंद्र ! आप दानशील मनुष्यों को भरपूर सत्य धन और संरक्षण प्रदान करते हो। हम आप से प्रार्थना करते हैं। आपके सत्य धन और रक्षण का आशीर्वाद हमें कब प्राप्त होगा। जिससे कि हमारी बुद्धिमत्ता और सम्मान का प्रसार संसार भर में हो।

O Indra ! You are the provider of abundant true wealth and protection to generous, charitable human beings. We are praying for you. When will we get the blessings of your true wealth and protection. So that our wisdom and honour may go across the world.

(Rig Veda 7-37-5)

# थलीसैंण डिग्री कॉलेज में यूजी कक्षाओं में प्रवेश शुरू

पौड़ी। थलीसैंण डिग्री कॉलेज में यूजी कक्षाओं में प्रवेश डिग्री कॉलेज थलीसैंण में यूजी पहले सेमेस्टर में विभिन्न विषयों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो 16 अगस्त तक होंगे। महाविद्यालय की प्राचार्य रेनू बसंल ने बताया कि स्नातक स्तर पर कला संकाय में हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, इतिहास, भूगोल, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, गृहविज्ञान, सैन्य विज्ञान व अर्थशास्त्र के साथ ही विज्ञान विषयों में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई है। प्रवेश लेने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों को शीघ्र इन विषयों में प्रवेश ले सकते है। आवेदन पत्र के साथ एंटी रैंगिग प्रपत्र जमा करना अनिवार्य है। प्रवेश प्रक्रिया ऑन लाइन है। अभ्यर्थी प्रवेश के लिए बनी समिति या कार्यालय में साढ़े 10 से 3 बजे तक संपर्क कर सकते है।

# महिला खाई में गिरी, एसडीआरएफ ने किया शव बरामद

संवाददाता

देहरादून। महिला के खाई में गिरने से मौत हो गयी। एसडीआरएफ ने शव को खाई से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात्रि पौने नौ बजे थाना देवप्रयाग से एसडीआरएफ को सूचित किया गया कि ऋषिकेश बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कौड़ियाला के पास सोंडपानी में एक महिला खाई में गिर गई है, जिसे ढूढने हेतु एसडीआरएफ टीम की आवश्यकता है। उक्त घटना की जानकारी मिलते ही पोस्ट ब्यासी से रेस्क्यू टीम मय रेस्क्यू उपकरणों के तत्काल घटनास्थल पर पहुँची। उक्त महिला अपने पति के साथ श्री केदारनाथ धाम के दर्शनोपरांत वापिस लौट रहे थे। देवप्रयाग थाना क्षेत्रांतर्गत कौड़ियाला के पास सौडपानी में महिला खाई में गिर गयी। एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुँचकर रोप की सहायता से खाई में उतरकर गहन सर्चिंग की गई। प्रतिकूल मौसम व विषम परिस्थितियों में रेस्क्यू टीम द्वारा गहन सर्चिंग करते हुए आज प्रात: उक्त महिला का शव बरामद कर लिया गया। रेस्क्यू टीम द्वारा रोप स्ट्रैचर के माध्यम से महिला के शव को मुख्य मार्ग तक पहुँचाकर सिविल पुलिस के सुपर्द किया। महिला की पहचान प्रियंका पत्नी राहुल सैनी, निवासी शेख धर्मपुर, थाना सिविल लाइन, मुरादाबाद के रूप में हुई।




# दो मोटरसाईकिल चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दो स्थानों से दो मोटरसाईकिलें चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शांति विहार गोविन्द गढ निवासी जसविन्दर सिंह ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से मित्र लोक कालोनी गया था। उसने अपनी मोटरसाईकिल एक दुकान के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। वहीं कालूवाला जौलीग्रान्ट निवासी धीरज सिंह राठौर ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से पुलिस लाईन आया था उसने अपनी मोटरसाईकिल स्मार्ट बेरियर के पास खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सिटिजनस फार क्लीन एंड ग्रीन एंबियंस ने वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत लगाए 100 पेड़



देहरादून (कासं)। सिटिजनस फार क्लीन एंड ग्रीन एंबियंस प्रेम नगर द्वारा अमरनाथ कुमार की अध्यक्षता में उत्तराखंड परिवहन निगम की कार्य शाला ट्रांसपोर्ट नगर देहरादून में इस मानसून सत्र का दूसरा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रजातियों के लगभग 100 पेड़ रोपित किए गए ।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अमरनाथ कुमार, आर के हांडा उपाध्यक्ष, राजेश बाली कोषाध्यक्ष, अनुराग शर्मा मीडिया प्रभारी, आलोक आहूजा सचिव, सुभाष जसोरिया महासचिव, राजेश भाटिया संरक्षक, सुश्री मीताली हांडा, गुंजन गौरी, शरण जीत सिंह उत्तराखंड परिवहन निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे । इस दौरान उत्तराखंड परिवहन निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से रोपित किये गये पेड़ों की देखभाल एवं सुरक्षा की अपील की गई ।

# रेलवे लाईन निर्माण से प्रभावित ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के सम्मुख रखी समस्यायें

संवाददाता

रुद्रप्रयाग। रेलवे लाईन निर्माण से प्रभावित ग्रामीण जिलाधिकारी मयूर दीक्षित से मिलकर अपनी समस्याएं बतायी जिसपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को दिये जरूरी दिशा निर्देश।

ऋषिकेश- कर्णप्रयाग रेल लाइन से प्रभावित ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के समक्ष रखी। जिला कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में ग्रामणों की ओर से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि रेल लाइन के निर्माण कार्य से उनके घरों में दरारें आ गई हैं, जिससे उनके घरों एवं जान-माल को नुकसान होने की संभावना बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना था कि रेल निगम की ओर से कार्य शुरु होने से पहले इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया, न ही घरों की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की गई। इसके अलावा कई गावों के रास्ते क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे आवाजाही बाधित हो रही है। गांवों के जल श्रोत भी सूखना शुरु हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना था कि ब्लास्टिंग से पहले रेल निगम ग्रामीणों को कोई जानकारी उपलब्ध नहीं करवा रहा वहीं रातभर चल रही ब्लास्टिंग से जनमानस को परेशानी का सामाना करना पड रहा है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बैठक के दौरान उपस्थित ग्रामीणों एवं प्रधानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने रेल निगम के अधिकारियों को ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने को कहा। जिलाधिकारी ने रेल निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रेल लाइन निर्माण हेतु जो भी भू- वैज्ञानिक सर्वे एवं अन्य कार्रवाई की गई है, उसकी पूरी रिपोर्ट उपजिलाधिकारी को उपलब्ध करवाएं, ताकि समय आने पर या किसी भी ग्रामीण की ओर से मांग करने पर इसे उपलब्ध करवाया जा सके। उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि यदि रेल लाइन निर्माण के दौरान हो रही ब्लास्टिंग के चलते उन्हें घरों में दरारें आने की आशंका है, तो थर्ड पार्टी के माध्यम से भू-वैज्ञानिक सर्वे करवा कर इसकी पुष्टि कराई जा सकती है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए गए रेल लाइन निर्माण के लिए रात को जो भी ब्लास्टिंग की जा रही है, उसकी जमीनी हकीकत देखने एवं महसूस करने के लिए संबंधित क्षेत्र के रेलवे कर्मचारी गांव में रात बिताकर इसकी पुष्टि करें। जिलाधिकारी ने रात्रि में ब्लास्टिंग के समय बजाए जाने वाले सायरन की आवाज संबंधित क्षेत्र के सभी ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिए सायरन सिस्टम उचित स्थान पर लगाने के निर्देश भी दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र नेगी, उप जिलाधिकारी अपर्णा ढौंडियाल, भू-वैज्ञानिक डा. दीपक हटवाल, अधिशासी अभियंता लोनिवि जेएस रावत, अधिशासी अभियंता सिंचाई प्रताप सिंह बिष्ट, तहसीलदार मंजू राजपूत, अपर महाप्रबंधक रेल निगम विजय डंगवाल, एसके आर्या, प्रबंधक आरपी मालगुडी, विनोद बिष्ट, वीपी गैरोला, खांखरा, नरकोटा, सुमेरपुर, रतूड़ा, नगरासू, मरोड़ा गांवों के ग्रामीण एवं ग्राम प्रधान मौजूद रहे।



# भर्ती पूर्व निशुल्क प्रशिक्षण 8 अगस्त से

नई टिहरी। पूर्व सैनिक एवं सैनिक विधवाओं के पुत्रों को सेना, अर्द्धसेना व पुलिस बल में भर्ती के लिए 56 दिनों का निशुल्क भर्ती पूर्व प्रशिक्षण आगामी 8 अगस्त से 2 अक्तूबर तक देहरादून में दिया जायेगा।

इस आशय की जानकारी देते हुये जिला सैनिक कल्याण व पुनर्वास अधिकारी टिहरी गढ़वाल जीएस चंद ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी आगामी 3 अगस्त तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय नई टिहरी में अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं।

# दो चोरियों का खुलासा एक गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने दो चोरियों का खुलासा करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गयी एक्टिवा व अन्य सामान बरामद कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चूना भटटा निवासी बबलू कुमार ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि उसके घर के बाहर से उसकी एक्टिवा जिसमे एक गैस सिलेण्डर व सिगरेट गुटका आदि से भरा बैग था चोरी कर लिया गया है। वहीं अंकित उपाध्याय निवासी डीएल रोड ने भी डालनवाला कोतवाली में सिटी बस से एलईडी कैमरे,डैक सिस्टम व दुकान से एक हजार रूपये नगद चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के बाद आज एक युवक को चोरी की गयी एक्टिवा, गैस सिलेण्डर, सिगरेट के पैकेट, डैक सिस्टम आदि चोरी का सामान बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अनुभव सैनी पुत्र शंकर सैनी निवासी राजेश रावत कालोनी रायपुर रोड बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# शिव महापुराण के 11वें दिन नौवें ज्योतिलिंग का व्याख्यान किया

संवाददाता

देहरादून। शिव महापुराण के 11वें दिन नौंवे ज्योतिलिंग के बारे में व्याखान करते हुए उसके महत्व के बारे में बताया।

आज यहांपवित्र सावन मास के शुभ अवसर पर माँ दुर्गा मन्दिर विद्या विहार में महिला उत्थान सशक्तिकरण ट्रस्ट के द्वारा 24 जुलाई से 4 अगस्त तक शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है।

आज मां दुर्गा मंदिर विद्या विहार फेस वन में व्यास आचार्य पवन बौड़ाई के द्वारा नौवें ज्योतिर्लिंग के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता लच्छू गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी व अन्य सदस्यगणों के साथ-साथ पवन टुटरेजा भी इस महाशिवपुराण कथा में सम्मिलित हुए। अनूप पंवार ने बताया कि महिला उत्थान सशक्तिकरण ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती रेनू रौतेला एवं कोषाध्यक्ष रजनी तड़ियाल ने उनका महा शिव पुराण कथा में उपस्थित होने पर उनका आभार व्यक्त किया स सामाजिक कार्यकर्ता लच्छू गुप्ता एवं धर्मपत्नी सुनीता गुप्ता ने भी महिला उत्थान सशक्तिकरण ट्रस्ट की सभी मातृशक्ति को पगड़ी पहनाकर शिव पुराण कथा के आयोजन की शुभकामनाएं देकर ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में ट्रस्ट के सभी सदस्य, श्रीमती सुषमा बिजलवान,आरती राणा, गुड्डी नेगी, अरुणा शर्मा, सरोजनी पंवार, विमला पंवार, मधु बिष्ट, विद्या पुंडीर,निशा रावत, सरला जखमोला विमला पोखरियाल, शकुंतला शर्मा के साथ सिताब सिंह राणा, जयप्रकाश बिंजोला एवं सौरभ नेगी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



# जानिए क्या होता है ह्यूमिडिफायर और इसका इस्तेमाल करना कैसे है लाभदायक

ह्यूमिडिफायर एक ऐसा उपकरण है, जो घर में नमी को बढ़ाने का काम करता है। वैसे अमूमन मरीजों को आराम देने के लिए मेडिकल वेंटिलेटर में ह्यूमिडिफायर शामिल होता है क्योंकि गर्म और शुष्क जलवायु में जब नमी का स्तर 10-20% तक गिर जाता है तो उनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। घरों में 30-50 प्रतिशत नमी होनी जरूरी है। आइए आज हम आपको बताते हैं कि ह्यूमिडिफायर कैसे काम करता है और यह आपके लिए उपयोगी क्यों है।

ह्यूमिडिफायर के प्रकार

कंसोल ह्यूमिडिफायर पूरे घर में नमी उत्पन्न करने के लिए पर्याप्त होते हैं। स्टीम वेपोराइजर भाप बनाने के लिए बिजली का इस्तेमाल करते हैं, जिसे डिवाइस से बाहर निकलने से पहले ठंडा किया जाता है। अल्ट्रासोनिक ह्यूमिडिफायर पानी को वाष्पीकृत करने के लिए कंपन का इस्तेमाल करते हैं। दूसरी ओर वाष्पीकरण करने वाले पानी के वाष्पीकरण से पहले हवा से नमी पैदा करते हैं। सेंट्रल एयर कंडीशनिंग से जुड़े सेंट्रल ह्यूमिडिफायर पूरी एक इमारत के लिए बेहतर होते हैं।

ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल करने से मिलने वाले फायदे

ह्यूमिडिफायर कम नमी के कारण होने वाले एटोपिक डर्मेटाइटिस और सेबोरहाइक डर्मेटाइटिस जैसी त्वचा संबंधित समस्याओं से सुरक्षित रखने में मदद कर सकता है। यही नहीं, यह सेबोरहाइक डर्मेटाइटिस के रोगियों को होने वाली समस्याएं जैसे लालिमा, पपड़ीदार त्वचा के घावों और बालों का झड़ना आदि के जोखिम भी कम करता है। ह्यूमिडिफायर का उपयोग आपको ड्राई आई सिंड्रोम से बचाए रखने में भी सहायक है। यह एक समस्या है, जिसमें आंखें पर्याप्त आंसू का निर्माण नहीं कर पाती हैं।

ह्यूमिडिफायर के इस्तेमाल से घर को मिलने वाले लाभ

स्वास्थ्य से जुड़े लाभों के अलावा ह्यूमिडिफायर आपके फर्नीचर, घर की सजावट और फर्श के लिए भी लाभदायक है। दरअसल, कम नमी के कारण लकड़ी का फर्नीचर, घर की दीवारें और फर्श के खराब होने या इनमें दरारें उत्पन्न का कारण बन सकती है। बहुत कम नमी के कारण कागज से बनी चीजें जैसे किताबें और वॉलपेपर भी खराब हो सकते हैं।

# अगर अपने सफर को बनाना चाहते हैं यादगार, तो आपके बड़े काम आ सकते हैं ये ट्रैवल टिप्स

घुमक्कड़ी लोग ट्रैवलिंग को अच्छी तरह से एंजॉय कर लेते हैं, क्योंकि ये उनका शौक होता है। उन्हें अच्छी तरह से पता होता है कि यात्रा का आनंद कैसे लिया जा सकता है? लेकिन वो लोग जो कभी-कभी या साल में एक दो बार छुट्टियां बिताने के लिए सफर के लिए निकलते हैं। वो लोग कई बार अपने सफर का पूरा आनंद नहीं ले पाते हैं। वो लोग कुछ न कुछ ऐसा जरूर कर देते हैं जिससे सफर का मजा पूरी तरह से बरबाद हो जाता है। तो अगर आप भी खुद को उसी कैटेगरी में खड़ा पाते हैं तो ये खबर आपके लिए ही है। हम यहां आपके साथ कुछ ऐसे टिप्स शेयर करने जा रहे हैं, जिन्हें फॉलो कर आप अपने सफर का मजा दोगुना कर सकते हैं। साथ ही उसे यादगार भी बना सकते हैं। तो आइये जानते हैं कौन सी हैं वो चमत्कारी टिप्सः

1.ट्रैवल के समय धैर्य बनाए रखें। सफर में हर समय गुस्सा और नाराज होने से आपकी ट्रिप खराब हो सकती है। सफर पर छोटी बड़ी कठिनाईयों का सामना करना आम बात है। ऐसे में चिड़चिड़ाने, नाराज होने की जगह सब्र रखें, तभी आप समस्या का समाधान निकालने में सक्षम हो सकेंगे।

2.अच्छा होटल अच्छा रूम और उसकी सुख-सुविधा का आनंद लेते हुए देर तक सोते न रहें। सूर्योदय से पहले उठें और फिर सबसे अच्छे नजारों को एंजॉय करें।

3.ट्रिप को पूरी तरह से एंजॉय करने के लिए अपनी स्पीड को थोड़ा स्लो करना अच्छा हो सकता है। इससे आप चीजों को अच्छी तरह से देख सकेंगे। आप जब भी किसी जगह को एक्सप्लोर करें, तो उसे काफी आराम से देखें और एंजॉय करें। इससे आपका सफर काफी यादगार हो जाएगा।

4.ट्रिप पर अगर कोई काम कठिन लगे, तो निराश न हों, धैर्य पूर्वक उसे करने की कोशिश करते रहें। ध्यान रखें, कोई भी काम मुश्किल नहीं होता।

5.अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर ट्रिप की उन चीजों को करने में हाथ अजमाएं, जो आपको चुनौतीपूर्ण लगता हो, क्योंकि पता नहीं, अगली बार आपको इस जगह पर आने का मौका कब मिले, मिले भी या नहीं।

6.दूसरों की लाइफस्टाइल को जज किए बिना ट्रैवल करें। सफर के दौरान पूरी तरह से ओपेन माइंड हो जाएं, ताकि आप अपने ट्रैवल को अच्छी तरह से एंजॉय कर सकें। अपने ट्रैवल डेस्टिनेशन के लोकल फूड, ड्रेस और कल्चर का मजा जरूर लें।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

-प्रबंधक विज्ञापन

# ईटिंग डिसऑर्डर यानी खान-पान से जुड़ी बीमारी

हम सभी की खाने-पीने की आदतें काफी अलग होती हैं। कई लोग हेल्दी खाने को तरजीह देते हैं तो कई लोग बढ़ते मोटापे या वजन को लेकर इतना सजग होते हैं कि इन्हें कम करने के लिए कुछ अलग खान-पान संबंधी आदतें अपना लेते हैं। अब इनकी वजह से वजन और मोटापा तो कम हो जाता है, लेकिन इससे सेहत पर बुरा असर पड़ता है। इन्हीं आदतों को ईटिंग डिसऑर्डर यानी खान-पान से जुड़ी बीमारी कहा जाता है। यह एक तरह का मेंटल डिसऑर्डर होता है, जिसमें व्यक्ति कभी तो जरूरत से भी ज्यादा खाता है तो कभी बहुत ही कम खाता है। इतना कम कि उसका वजन कम हो जाता है और बॉडी मास भी घट जाता है, जिसकी वजह से वह एनोरेक्सिया नर्वोसा का शिकार हो जाता है। एक रिसर्च के अनुसार, एनोरेक्सिया के मरीजों का दिमाग बाकी लोगों की तुलना में कुछ अलग तरीके से व्यवहार करता है और कुछ लोग जन्म से ही इस बीमारी की संभावना के साथ पैदा होते हैं। कई लोग तो शरीर में मौजूद कैलरी को घटाने के लिए हानिकारक तरीकों का सहारा लेते हैं, जिससे बुरा असर पड़ता है।





ईटिंग डिसऑर्डर होने के मुख्य कारणों का तो अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन माना जाता है कि यह स्थिति जैविक और वातावरण संबंधी कारकों की वजह से होती है। एक शोध के अनुसार, एनोरेक्सिया और बुलिमिया नाम की खान-पान संबंधी बीमारी पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में 10 गुना अधिक होती है।

एनोरेक्सिया नर्वोसा के लक्षण

एनोरेक्सिया नर्वोसा से पीड़ित व्यक्ति के अंदर हर वक्त इस बात का डर रहता है कि कहीं उसका वजन तो नहीं बढ़ रहा। इस चक्कर में वह कम खाना शुरू कर देता है। नतीजा यह होता है कि वक्त के साथ उसका बॉडी वेट और मास कम हो जाता है। कमजोरी और चक्कर आने लगते हैं, हड्डियां दिखने लग जाती हैं और पीड़ित व्यक्ति कई बार खुद को बैलेंस नहीं कर पाता। यह बात भी समझने की जरूरत है कि जो लोग बचपन में मोटापे का शिकार हो जाते हैं उनमें एनोरेक्सिया नर्वोसा का शिकार होने के चांस अधिक होते हैं।

वहीं बुलीमिया नर्वोसा में व्यक्ति जरूरत से ज्यादा खाता है और हमेशा अपने वजन को लेकर चिंतित रहता है। ऐसे लोग कई बार खाने-पीने के मामले में परहेज करते हैं, लेकिन वजन कम नहीं हो पाता और न ही वे अपने खान-पान को कंट्रोल कर पाते हैं। एनोरेक्सिया और बुलीमिया आमतौर पर 15 वर्ष की उम्र से शुरू हो जाता है।

बचाव:

इस स्थिति से बचने के लिए रोजाना तीनों वक्त का खाना खाएं और वह पौष्टिक हो। सही समय पर ब्रेकफस्ट, लंच और डिनर करें।

दही, फ्रूट्स, छाछ के अलावा हरी पत्तेदार सब्जियां और फल खाएं। अगर एकदम से खाने-पीने में दिक्कत आ रही हो तो फिर धीरे-धीरे शुरू करें। जैसे कि ब्रेकफस्ट न करने का मन हो तो एक रोटी खा लें। इसी तरह लंच और डिनर भी थोड़ी-थोड़ी मात्रा में करें। धीरे-धीरे इस मात्रा को सामान्य करने की कोशिश करें। ऐसा करने से आपको सही खान-पान की आदत हो जाएगी।

एनोरेक्सिया से पीड़ित इंसान के लिए खाना मुश्किल हो जाता क्योंकि वह किसी भी चीज के तात्कालिक सुख को महसूस नहीं कर पाता। ऐसा व्यक्ति खाने का स्वाद भूल सा जाता है और इस चक्कर में कुछ भी खाता रहता है। इस समस्या से निपटने के लिए डॉक्टर से मिलें और दिए गए दिशा-निर्देश का पालन करें।

कई लोग दोस्तों और अन्य लोगों के प्रेशर में आकर खाना-पीना छोड़ देते हैं। ऐसा बिल्कुल भी न करें। लोगों की बातों पर ध्यान न दें और एक हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करें।

जब भूख लगे तब खाएं। जबरदस्ती भूखा न रहें। सही वक्त पर खाएं। ऐसा करने से न सिर्फ खान-पान संबंधी बीमारी दूर हो जाएगी बल्कि आप हेल्दी भी हो जाएंगे।

ईटिंग डिसऑर्डर का इलाज

ईटिंग डिसऑर्डर का इलाज इस बात पर निर्भर करता है कि व्यक्ति में खान-पान संबंधी बीमारी किस तरह की है और उसका लेवल क्या है। ईटिंग डिसऑर्डर के लिए कई तरह की थेरपी दी जाती हैं, जिनमें आर्ट थेरपी, रिक्रिएशन थेरपी और म्यजिक थेरपी प्रमुख हैं। इसके अलावा बिहेवियरल थेरपी, कॉग्निटिव रेमेडिएशन थेरपी, फैमिली थेरपी और इंटरपर्सनल सायकोथेरपी भी की जाती हैं।

हाल ही में एक स्टडी आयी है जिसमें ईटिंग डिसऑर्डर के शुरुआती चेतावनी के संकेतों के बारे में बताया गया है। ब्रिटिश जर्नल ऑफ सायकायट्री में प्रकाशित इस स्टडी में उन शुरुआती चेतावनी संकेतों के बारे में बताया गया है जिनसे यह पता चल सकता है कोई व्यक्ति ईटिंग डिसऑर्डर यानी खान-पान की बीमारी से पीड़ित है या नहीं।

## शब्द सामर्थ्य -14


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 13 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | | सि | वा | य | | कि |
| लि | | चा | ह | त | | म | म | ता |
| क | सू | र | | म | ग | न | | ब |
| | र | | | | द | | | |
| क | मा | न | | पा | र | स | | स |
| मी | | म | जा | ल | | न | क | ली |
| ना | दा | न | | ना | र | द | | का |
| | मि | | | | तौं | | | |
| सु | नी | ल | | अ | धी | र | | जी |

# कभी ईद कभी दीवाली के बाद शहनाज गिल के हाथ लगी एक और फिल्म

शहनाज गिल की झोली में एक और फिल्म आ गई है। उन्होंने प्रोड्यूसर रिया कपूर की फिल्म साइन कर ली है। खास बात ये है कि इस फिल्म की शूटिंग अगस्त में शुरू होने वाली है और इसे लेकर शहनाज काफी खुश भी हैं और उत्साहित भी। इस फिल्म में अनिल कपूर और भूमि पेडनेकर भी होंगे। फिल्म की कहानी और कलाकार की भूमिकाएं क्या होंगी ये जानकारी भी फिलहाल नहीं मिली है लेकिन मीडिया पैपराजी से मुलाकात के दौरान शहनाज अपनी खुशी नहीं छिपा पाईं। फिल्म का टाइटल क्या है फिलहाल ये सामने नहीं आया है। कहा जा रहा है कि ये फिल्म इंडिया से बाहर शूट होगी जिसके लिए जल्द ही कास्ट और क्रू रवाना होने वाली है।

बता दे, इससे पहले शहनाज सलमान खान की फिल्म कभी ईद कभी दीवाली का हिस्सा बनकर भी काफी खुश है। इसकी शूटिंग भी शहनाज ने कर ली है। हालांकि इस फिल्म को लेकर तरह-तरह की खबरें आती रहीं लेकिन अब कहा जा रहा है कि उन्हें दूर कर लिया गया है। बता दे, शहनाज गिल बिग बॉस 13 में नजर आई थी। इस रियलिटी शो में पहुंच कर शहनाज ने दर्शकों के दिलों पर एक अलग ही छाप छोड़ दी। लोगों ने उन्हें खूब पसंद किया। खासतौर से सिद्धार्थ शुक्ला संग उनकी जोड़ी को। हालांकि बीते साल सिद्धार्थ शुक्ला के निधन के बाद शहनाज काफी टूट गई थीं लेकिन कुछ ही महीनों बाद वो वापस लौटीं और इस वक्त शहनाज पूरी तरह से अपने करियर पर फोकस किए हुए हैं।

# अखिल अक्किनेनी फेम एजेंट के निर्माताओं ने खास गाने के लिए फरिया अब्दुल्ला को चुना

साउथ एक्टर अखिल अक्किनेनी की फिल्म एजेंट पर काफी समय से काम चल रहा है। अब जबकि फिल्म पूरी होने वाली है, एजेंट टीम ने आखिरकार एक विशेष गाने के लिए एक अभिनेत्री को चुना है। जाथी रत्नालू फेम फरिया अब्दुल्ला एजेंट में इस विशेष गीत के लिए बातचीत कर रहे हैं, इससे पहले अक्किनेनी मल्टी-स्टारर बंगाराजू में एक विशेष नंबर का प्रदर्शन किया था।

इस बात से कोई भी अनजान नहीं है कि व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किसी फिल्म में एक विशेष गीत या एक आइटम नंबर रखने की अवधारणा एक पुरानी अवधारणा है। एजेंट के पास इंटरपोल जासूस की भूमिका में अखिल अक्किनेनी हैं।

इस खास फिल्म में अभिनेता ने अपनी बॉडी में बहुत बदलाव किया है, जो कि प्रशंसको के बीच चर्चा का विषय पहले से ही है। एजेंट भी अखिल के साथ अनुभवी मलयाली अभिनेता ममूटी के लिए एक प्रमुख भूमिका निभाता है। फिल्म का निर्देशन सुरेंद्र रेड्डी ने किया है।( आरएनएस)

# मानुषी छिल्लर तेहरान में जॉन अब्राहम के साथ नजर आएंगी


अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म पृथ्वीराज से बॉलीवुड में कदम रखने वाली पूर्व ब्यूटी क्वीन मानुषी छिल्लर आगामी फिल्म तेहरान में जॉन अब्राहम के साथ एक एक्शन अवतार में नजर आएंगी। एक्शन थ्रिलर की शूटिंग के लिए मानुषी जॉन के साथ लोकेशन पर पहुंची। सच्ची घटनाओं पर आधारित, तेहरान कथित तौर पर एक भू-राजनीतिक थ्रिलर है जो रूसी-यूक्रेनी युद्ध के इर्द-गिर्द घूमती है।

बेक माई केक फिल्म्स के सहयोग से एक मैडॉक फिल्म्स प्रोडक्शन, तेहरान का निर्देशन अरुण गोपालन ने किया है, जिसे रितेश शाह और आशीष प्रकाश वर्मा ने लिखा है, जिसे दिनेश विजान, शोभना यादव और संदीप लेजेल द्वारा निर्मित किया गया है।जॉन आगामी फिल्म पठान में दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए भी दिखाई देंगे। मानुषी की विक्की कौशल के साथ एक फिल्म पाइपलाइन में है।

# गंदी बात फेम अन्वैषी जैन ने शेयर की बोल्ड फोटो

एकता कपूर की वेबसीरीज़ गंदी बात फेम अन्वैषी जैन ने इंस्टाग्राम पर नई फोटो शेयर की है. इस तस्वीर में वो अपने किलर लुक से तहलका मचा रही है. अन्वैषी का की अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है. एक्ट्रेस अन्वैषी हर लुक में कहर ढाती हैं. उन्होंने कई तस्वीरों में अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट किया है. एक्ट्रेस का इंस्टाग्राम अकाउंट बोल्ड तस्वीरों से भरा हुआ है. अन्वैषी के अंदाज के लोग इतने दीवाने हैं कि सोशल मीडिया पर उनके नाम से कई फैन पेज बन गए हैं, जहां उनकी तस्वीरें शेयर की जाती हैं. हॉटनेस के मामले में अन्वैषी जैन बॉलीवुड हसीनाओं को भी टक्कर देती हैं और इसका सबूत है उनकी तस्वीरें, जो इन दिनों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं. फेमस वेब सीरीज गंदी बात से लाइम लाइट में आई एक्ट्रेस अन्वैषी जैन अन्वैषी ने एक इंटरव्यू में बताया कि उनके घर में पहनावे को लेकर. रहन-सहन को लेकर काफी रेस्ट्रिक्शन थे. ये नहीं पहनना. वो नहीं पहनना. सिर्फ सलवार सूट पहनो. लेकिन टॉम ब्वॉय की तरह थी. बाल भी मैंने वैसे ही कटा रखे थे. लड़के जब घूर कर देखते थे तो मन करता था कि उन्हें पकड़कर पीट दूं. कई बार मुझे लगता था कि काश मैं लड़का होती. (आरएनएस)

# रवि तेजा ने अगली फिल्म के लिए मेगास्टार चिरंजीवी के साथ किया काम

मेगास्टार चिरंजीवी का अगला प्रोजेक्ट सेट पर तेजी से आकार ले रहा है, इसलिए टॉलीवुड प्रत्याशा से गुलजार है। माइथरी मूवी मेकर्स की फिल्म मेगा 154 का संभावित शीर्षक मास महाराजा रवि तेजा भी एक शक्तिशाली और लंबी भूमिका निभा रहे हैं।

शूटिंग के लिए मेगा स्टार में शामिल होने वाले अति सक्रिय सितारे के साथ, फिल्म के सेट पर ऊर्जा स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।

घोषणा वीडियो में रवि तेजा को अपनी कार में सेट में प्रवेश करते हुए, चिरंजीवी को बधाई देते हुए और फिर कारवां में प्रवेश करते हुए दिखाया गया है। जब रवि तेजा कहते हैं, अन्नय्या, चिरू जवाब में कहते हैं, हाय भाई, स्वागत है। अंत में, बॉबी पुष्टि करता है, मेगा मास कॉम्बो बिगिन्स।

निर्देशक बॉबी, जो मेगास्टार चिरंजीवी के कट्टर प्रशंसक हैं, ने रवि तेजा की बालूपू की पटकथा लिखी थी और फिल्म पावर के साथ ब्लॉकबस्टर नोट पर अपने निर्देशन की शुरूआत की थी। किसी एक प्रोजेक्ट में अपने पसंदीदा स्टार और पहले फिल्म हीरो के साथ काम करना निर्देशक के लिए किसी सपने के सच होने से कम नहीं है। वह यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि फिल्म में उनके दोनों प्रशंसक उत्साह में हों।

श्रुति हासन फिल्म में चिरंजीवी के साथ प्रमुख महिला की भूमिका निभा रही हैं, जो सभी व्यावसायिक सामग्रियों से भरपूर एक सामूहिक एक्शन एंटरटेनर है।

नवीन यरनेनी और वाई रविशंकर फिल्म का निर्माण कर रहे हैं, जबकि जीके मोहन सह-निर्माता हैं।

मेगा 154 में रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद का संगीत है, जबकि आर्थर ए विल्सन सिनेमैटोग्राफी संभाल रहे हैं। निरंजन देवरामन संपादक हैं और एएस प्रकाश प्रोडक्शन डिजाइनर हैं। सुष्मिता कोनिडेला कॉस्ट्यूम डिजाइनर हैं।

जबकि कहानी और संवाद बॉबी द्वारा लिखे गए हैं, कोना वेंकट और के चक्रवर्ती रेड्डी ने पटकथा लिखी है। लेखन विभाग में हरि मोहन कृष्ण और विनीत पोटलुरी भी शामिल हैं।

मेगा 154 संक्रांति, 2023 के दौरान स्क्रीन पर हिट होगी।

# एनिमल की शूटिंग की वजह से दिल्ली जाने के लिए उत्साहित रश्मिका मंदाना



पुष्पा: द राइज की श्रीवल्ली के नाम से मशहूर रश्मिका मंदाना इन दिनों कई सारे प्रोजेक्ट में बिजी हैं, ऐसे में इन दिनों अभिनेत्री रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल की शूटिंग के लिए दिल्ली जा रही हैं, जिसके लिए रश्मिका काफी खुश हैं। अभिनेत्री के एक करीबी सूत्र ने खुलासा किया कि यह पहली बार है जब रश्मिका एनिमल की शूटिंग और अन्य कार्य प्रतिबद्धताओं के लिए दिल्ली आ रही हैं।

वह शूटिंग के लिए और शहर का पता लगाने और अपने प्रशंसकों से मिलने के लिए बहुत उत्साहित हैं। उसका व्यस्त कार्यक्रम, वह कभी दिल्ली नहीं जा सकती थी, लेकिन अब वह शूटिंग के लिए वहां जाएगी और उसके प्रशंसक उसे राजधानी शहर में लाने के लिए समान रूप से उत्साहित होंगे।सूत्र ने आगे कहा, रश्मिका 26 तारीख को दिल्ली की यात्रा करेंगी और कुछ दिनों के लिए वहां होंगी।

रणबीर कपूर स्टारर एनिमल के अलावा, रश्मिका अमिताभ बच्चन के साथ अलविदा के साथ बॉलीवुड में अपनी बहुप्रतीक्षित शुरूआत करेंगी। इसके अलावा रश्मिका पुष्पा के सीक्वल में भी नजर आएंगी। वहीं दूसरी तरफ सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ मिशन मजनू और विजय थलापट्टी के साथ वरिसु में दिखाई देंगी।

# कीर्ति सुरेश ने 'सीता रामम' से 'कन्नुक्कुले' का गीतात्मक वीडियो लॉन्च किया



अभिनेत्री कीर्ति सुरेश ने 'सीता रामम' के गाने 'कन्नुक्कुले' के गीतात्मक वीडियो को डिजिटल रूप से लॉन्च किया है। वैजयंती मूवीज प्रोडक्शन 'महानती' में सावित्री की भूमिका निभाने के लिए कीर्ति ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता। निर्माताओं के साथ अपने बंधन को देखते हुए, अभिनेत्री ने खुशी-खुशी इसके लॉन्च के लिए अपनी उपस्थिति बढ़ा दी।

'सीता रामम' हनु राघवपुडी द्वारा लिखित और निर्देशित है। यह राम और सीता की महाकाव्य कहानी का वर्णन करता है और नया रिलीज किया गया गीत इसका दिल है।

फिल्म के टीजर में प्यार की कहानी की झलक दिखाई गई जो दुलकर सलमान की अखिल भारतीय अपील, मृणाल ठाकुर की भव्य उपस्थिति और रश्मिका मंदाना के हस्ताक्षर आकर्षण को सामने लाती है।

'ओह सीता हे रामा' और 'कुरुमुगिल' की हिट फिल्मों के बाद, कीर्ति ने विशाल चंद्रशेखर द्वारा रचित, व्यवस्थित और निर्मित, हरिचरण एस और सिंदूरी एस द्वारा गाया और माधन कार्की द्वारा लिखित इस ताजा राग, 'कन्नुक्कुले' का अनावरण किया।

'सीता रामम' राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता वैजयंती मूवीज द्वारा प्रस्तुत की गई है और स्वप्ना सिनेमा के लिए सी. अश्वनी दत्त द्वारा निर्मित है।

हनु राघवपुडी द्वारा निर्देशित, पीएस विनोद द्वारा छायांकन, विशाल चंद्रशेखर द्वारा संगीत और बृंदा मास्टर द्वारा कोरियोग्राफी के साथ, 'सीता रामम' में दलकर सलमान, रश्मिका मंदाना और मृणाल ठाकुर हैं। यह फिल्म 5 अगस्त को तेलुगु, तमिल और मलयालम में सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# रचनाकारों के लिए साहित्यिक तीर्थ है कलम के सिपाही की जन्मस्थली

विमल शंकर झा

समाज का दर्पण का कहे जाने वाले साहित्य के सृजेताओं की मूल भावना होती है कि है कि एक खूबसूरत दुनिया के सृजन के लिए समाज के श्वेत पक्ष को उजागर कर इसके श्यामल पहलू के विरुद्ध जागरुक किया जाए । इस दृष्टि से कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद भारतीय हिंदी साहित्य जगत के प्रेरणापुंज ही नहीं बल्कि एक अमूल्य धरोहर हैं । कर्मभूमि से रंगभूमि तक अपनी जादुई लेखनी से मानवीय संवेदना, समानता और गंगाजमुनी संदेश देने वाले कलम के सिपाही की जन्मभूमि लमही बनारस देश के रचनाधर्मियों के लिए एक तीर्थ की तरह है । लेकिन औद्योगिक तीर्थ के संस्कृतिकर्मियों को इस बात का अफसोस है कि इतने बड़े साहित्यकार की तपोभूमि को देश दुनिया में प्रसिद्धि के बाद भी उस तरह विकसित नहीं किया गया है, जैसा सम्मान विश्वप्रसिद्ध लेखक टालस्टाय, मेक्सिम गोर्की और लूसून के जन्म स्मारकों को उनके देश में मिला है ।

विदेशी दासता के बंधन से देश को मुक्त कराने के साथ समाज को जातपांत और महाजनी सभ्यता के मकड़जाल से मुक्ति चेतना जगाने में प्रेमचंद के दीर्घ रचनात्मक योगदान का अंदाज उनकी जन्म स्थली से लगाया जा सकता है । गोदान से ईदगाह तक 3 सौ कालजयी कहानियों और 14 उपन्यासों के विपुल कृतित्व व आदर्श व्यक्तित्व की अनूठी हस्ती को अपनी कोख से जन्म देने वाली मिट्टी से सुवासित होना भिलाई के संस्कृतिकर्मियों के लिए खुली आंखों से देखे जाने वाले सपने के सच होने जैसा था । रंगकर्मियों और साहित्यकारों के मुताबिक अपनी वैचारिक दृष्टि से साहित्य सृष्टि में विश्व कथा सम्राट की पहचान बनाने वाले कलम के सिपाही की उत्तरप्रदेश के लमही ( बनारस ) में स्थित विश्व प्रसिद्ध जन्मभूमि मुंशी प्रेमचंद जन्म स्मारक अंधेरे में एक प्रकाश स्तंभ की तरह है । यही वह तपोभूमि है जहां उन्होंने बचपन की शरारतों के बीच साहित्य के बीज उपजे और बरगद की छांव तले गुल्ली डंडा खेलते हुए गुल्ली डंडा कहानी और अंतिम उपन्यास मंगलसूत्र जैसी कई अमर रचनाएं लिखीं । और जहां से आज सदी भर बाद भी प्रासंगिक बनी 4 दशक की अपनी प्रेरक लेखन यात्रा का आगाज किया था ।



तथा यहीं जीवनसंगिनी शिवरानी का मंगलसूत्र भी टूटा और अमर कथाकार की चंद लोगों के साथ निकली अंतिम यात्रा देख राहगीर ने पूछा था कि कै रहल..? भिलाई के वरिष्ठ रंगकर्मी और छग इप्टा के अध्यक्ष मणिमय मुखर्जी बताते हैं कि मौजूदा नफरत और हिंसा के माहौल में देश को कबीर के ढाई आखर प्रेम का संदेश देने संस्कारधानी राजनांदगांव से निकली इप्टा के संस्कृतिकर्मियों की देशव्यापी सांस्कृतिक यात्रा के दौरान लमही और बनारस में प्रेमचंद सहित अपने सांस्कृतिक पुरखों के जन्म-कर्म स्थलियों की सांझी विरासत का दिग्दर्शन एक आह्लादकारी अनुभव था ।

देश के रचनाकारों व पाठकों के लिए तीर्थ की मानिंद लमही में आंखें खोलने के बाद अभाव, बिखराव और तनाव के बीच प्रेरणास्पद साहित्य सफर लोगों को समभाव का पैगाम देने वाले प्रेमचंद के पैतृक घर को यूपी के संस्कृति विभाग द्वारा प्रेमचंद स्मारक के रुप में विकसित किया है । पत्नी के तगादे पर बनाए 2 मंजिला पक्के मकान के नीचे उनका लिखने पढ़ने का कमरा आज भी है, जहां उनका जन्म हुआ था । इसमें उनकी मेज, कलम, पेन, पलंग, किताबों व हस्तलिपि के साथ प्रेमचंद की पिता व 2 पुत्रों श्रीपत व धनपत राय की पुरानी तस्वीरें टंगी हैं । बाजू में उनकी किताबों की लायब्रेरी व परिसर में मात्र 5 फीट की मूर्ति उनकी सादगी व हिमालयीन ऊंचाई का अहसास कराता है । सामने पुराना बरगद का पेड़ है,जिसके नीचे बैठ उन्होंने ठाकुर का कुंआ जैसी मार्मिक कहानी लिख जातिय भेदभाव के खिलाफ संदेश दिया था । इसी बरगद के नीचे रंगकर्मी मणिमय, राकेश,आशीष, राजेश श्रीवास्तव व वर्षा आदि संस्कृतिकर्मियों ने इस कहानी का नाट्य मंचन कर उनका भावभीना स्मरण कर बताया कि सदी बाद भी स्थिति ठाकुर का कुआं जैसी ही है । हालात बदलने के साथ इतने महान साहित्यकार के जन्म स्मारक को भी गरिमा के अनुरुप भव्य रुप मे विकसित किए किए जाने की जरुरत है।

यह कम सुखद संयोग नहीं है कि प्रेमचंद के उपनगर लमही से लगे बनारस यानी काशी की तंग गलियों में कई मशहूर साहित्यकारों और कलाकारों की सांस्कृतिक धरोहर है,जिसे सहेजने की जरुरत है । आधुनिक हिंदी साहित्य व नाट्यशास्त्र के जनक भारतेंदु हरिश्चंद्र,गंगाजमुनी तहजीब का तहजीब का पैगाम देने वाले कबीर व शहनाईवादक बिस्मिला खान, शहनाईवादक पं. रामबख्श मिश्र सहित जयशंकर प्रसाद जैसी कई महान विभूतियों की बतौर जन्म स्थली के वैचारिक जीवनदर्शन के वैभव से रुबरु होना भी सांस्कृतिक यात्रा के सहयात्रियों के बेहद भावुक व प्रेरक अनूभूति थी । मणिमय बताते हैं कि इतनी संकरी गलियों में अपने सृजनात्कता से देश को एकसूत्र में पिरोने वालों के संघर्ष के पुश्तैनी घरों, शिलालेख, रचनाग्रंथों के साथ परिवारवालों से मिलना यादगार था । बिस्मिला के पौत्र रमीश हसन से परदादा के शहनाई के रागों, प्रसाद व भारतेंदु के परिजनों से नाटकों के रोचक इतिहास सुनने के बाद कबीर की समाधि मूल गादीपीठ में उनकी सांप्रदायिक एकता की रचनाओं से उनकी 5 वीं पीढ़ी ने सांस्कृतिक यात्रियों को विभोर कर दिया । उन्होंने बताया कि कबीर आश्रम में कबीर से शास्त्रार्थ के पहले ही शरणागत हुए दक्षिण के विद्वान सवानंद के बाद दर्शनार्थ पहुंचे टैगोर के उपरांत 1934 आए गांधी को शिष्य महंत रामविलास दास ने चांदी की तस्तरी में कबीर के ग्रंथ के साथ मानपत्र व 1०5 रुपए भेंट किए थे । रंगकर्मियों ने यहां कबीर के प्रिय भजन मेरा तेरा मनवा कैसे एक होई गाकर उनके प्रेम के संदेश से समाज को प्रेरित करने का नवसंकल्प लिया।

## मंकीपॉक्स से सावधान

मंकीपॉक्स से सर्वाधिक केस अगर यूरोप के देशों में मिले हैं तो सबसे ज्यादा मौतें अफ्रीकी देशों में हुई हैं। यह इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि अभी इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है।

दुनिया अभी एक महामारी से उबरी नहीं है और दूसरी महामारी दरवाजे पर दस्तक दे रही है। एक तरफ भारत में कोरोना वायरस के केसेज बढ़ रहे हैं तो दूसरी ओर मंकीपॉक्स के नए केसेज मिलने लगे हैं। कहने को भारत में अभी तक सिर्फ चार केस मिले हैं इसलिए यह पैनिक जैसी स्थिति नहीं है। बेशक केसेज की संख्या कम है लेकिन यह जिस तरह की संक्रामक बीमारी है उसे देखते हुए चार केस भी बहुत हैं। भारत के लिए चिंता की बात यह है कि चौथा केस, जो दिल्ली में मिला उस संक्रमित व्यक्ति का विदेश दौरा करने का कोई इतिहास नहीं है। उसने मनाली में छुट्टी मनाई थी और दिल्ली लौटने पर संक्रमण के लक्षण दिखे थे। इसका मतलब है कि संक्रमण का स्रोत स्थानीय है।

यह चिंता की बात है अगर स्थानीय स्तर पर संक्रमण फैल रहा है। ध्यान रहे मंकीपॉक्स का संक्रमण कोरोना वायरस की तरह हवा से तो नहीं फैलता है लेकिन मरीज के संपर्क में आने से तेजी से फैलता है। यह शारीरिक स्पर्श से फैलने वाली बीमारी है। इसलिए भारत जैसी सघन आबादी वाले देश में इसके तेजी से फैलने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। इस बीमारी की एक और खास बात यह है कि कोरोना से उलट इसका प्रसार हर देश में समान रूप से हो रहा है। कोरोना का संक्रमण अफ्रीकी देशों में बहुत कम रहा और वहां यूरोपीय, अमेरिकी या एशियाई देशों के मुकाबले कम लोगों की मृत्यु हुई। (आरएनएस)

## सू- दोकू क्र.14

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.13 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## सायली सालुंखे अपनी भूमिका के लिए असली आरटीओ अधिकारी से लेती हैं प्रेरणा

अभिनेत्री सायली सालुंखे अब बोहत प्यार करते हैं शो में नजर आ रही हैं। सायली अपने दोस्त की मां से प्रेरणा लेने की बात करती हैं जो एक आरटीओ अधिकारी है। सायली कहती हैं, जब मुझे पता चला कि मैं इंदु की भूमिका निभाने जा रही हूं, जो एक आरटीओ अधिकारी है, तो मैंने सबसे पहले अपनी सबसे अच्छी दोस्त की मां को फोन किया, जो एक आरटीओ अधिकारी है। मैं उसकी कार्यशैली से परिचित हूं। दिनचर्या और सबसे महत्वपूर्ण उनका आचरण। मैंने उसे देखने में बहुत समय बिताया है और उसके व्यक्तित्व ने मुझे बहुत प्रेरित किया है। वह इस भूमिका के लिए खुद को तैयार करने के बारे में बताती हैं, मैं उनके कार्यालय गई हूं, जहां मैंने देखा कि वह लोगों के साथ कैसे बातचीत करती हैं। जब भी कोई कठिनाई होती है, तो मैं हमेशा उन्हें फोन करती हूं। जहां भी मैं गलत होती हूं, वह मुझे सही भी करती हैं। इसके अलावा, मेरे पिताजी भी बहुत सहायक हैं और जहां भी मैं गलत होती हूं तो मुझे सही करते हैं। यह रितेश मल्होत्रा (करण) और इंदु (सायली सालुंखे) की प्रेम कहानी है। कहानी इंदु के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसने महसूस किया कि जब तक वह एक नवजात अनाथ बच्चे जून (कियारा साध) से नहीं मिली और उसे पालने का फैसला नहीं किया, तब तक उसके लिए जीवन अनुचित था।

## दिल्लीः हिरण पर क्यों लादें घांस

वेद प्रताप वैदिक

इसमें जरा भी शक नहीं है कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई नई और अच्छी पहल की हैं। उसकी नई शिक्षा पद्धति को देखकर कई अंतरराष्ट्रीय हस्तियां भी काफी प्रभावित हुई हैं। अब दिल्ली सरकार ने घोषणा की है कि वह 5० केंद्रों में एक लाख ऐसे बच्चे तैयार करेगी, जो फर्राटेदार अंग्रेजी बोल सकें। अंग्रेजी की अनिवार्य पढ़ाई तो भारत के सभी विद्यालयों में होती है लेकिन अंग्रेजी में संभाषण करने की निपुणता कम ही छात्रों में होती है। इसी वजह से वे न तो अच्छी नौकरियां ले पाते हैं और वे जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी हीनता-ग्रंथि से ग्रस्त रहते हैं। इसका सबसे बड़ा नुकसान गरीब और पिछड़े परिवारों के छात्रों को होता है। उन्हें घटिया पदों और कम वेतन वाली नौकरियों से ही संतोष करना पड़ता है। ऐसे छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने का मौका मिले, इसीलिए दिल्ली सरकार अब 12 वीं पास छात्रों को अंग्रेजी बोलने का अभ्यास मुफ्त में करवाएगी। शुरु में वह उनसे 95० रुपए जमा करवाएगी ताकि वे पाठ्यक्रम के प्रति गंभीर रहें। यह राशि उन्हें अंत में लौटा दी जाएगी। यह पाठ्यक्रम सिर्फ 3-4 माह का ही होगा। 18 से 35 साल के युवकों के लिए यह अंग्रेजी बढ़िया बोलो अभियान खुला रहेगा। मोटे तौर पर दिल्ली सरकार की इस योजना के पीछे उसकी मन्शा पूरी तरह सराहनीय है लेकिन दिल्ली की ही नहीं, हमारे सभी राज्यों और केंद्र की सरकार ने क्या कभी सोचा कि हमारी शिक्षा और नौकरियों में अंग्रेजी की अनिवार्यता ने भारत का कितना बड़ा नुकसान किया है? यदि सरकारी नौकरियों से अंग्रेजी की अनिवार्यता हटा दी जाए तो कौन माता-पिता अपने हिरण-जैसे बच्चों पर घांस लादने की गलती करेंगे? चीनी भाषा के अलावा किसी भी विदेशी भाषा को सीखने के लिए साल-दो साल काफी होते हैं लेकिन भारत में बच्चों पर यह घांस दस-बारह साल तक लाद दी जाती है। अपने छात्र-काल में मैंने अंग्रेजी के अलावा जर्मन, रूसी और फारसी भाषाएं साल-साल भर में आसानी से सीख ली थीं। अंग्रेजी से कुश्ती लड़ने में छात्रों का सबसे ज्यादा समय नष्ट हो जाता है। हमारी शिक्षा-व्यवस्था चौपट हो जाती है। आजादी के 75 साल पूरे हो रहे हैं लेकिन अभी भी हम भाषाई और बौद्धिक गुलामी में जी रहे हैं। महात्मा गांधी और लोहिया- जैसा एक भी नेता आज तक देश में इतना साहसी नहीं हुआ कि वह मैकाले की इस गुलामगीरी को चुनौती दे सके। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मंत्री मनीष सिसोदिया से मैं आशा करता हूं कि वे अन्य मुख्यमंत्रियों और प्रधानमंत्रियों की तरह पिटेपिटाए रास्ते पर तेज रफ्तार से चलने की बजाय ऐसा जबर्दस्त अभियान चलाएं कि भारत में नौकरियों और शिक्षा से अंग्रेजी की अनिवार्यता खत्म हो जाए। जिन्हें उच्च शोध, विदेश व्यापार और कूटनीति के लिए विदेशी भाषाएं सीखनी हों, वे जरुर सीखें। उन्हें पूर्ण सुविधाएं दी जाएं

# सरकार को नहीं लोगों की चिंताः आर्य

विशेष संवाददाता

हल्द्वानी। नेता विपक्ष यशपाल आर्य ने आज सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि लोग मानसूनी आपदा से जूझ रहे हैं और भयभीत है लेकिन सरकार को प्रदेश के लोगों के जानमाल की सुरक्षा की कोई चिंता नहीं है।

हल्द्वानी और बाजपुर में लोग इस समय भारी जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं लोगों के घरों में पानी भरा हुआ है मकान गिर रहे हैं लोगों का जीना मुहाल



## ❑हल्द्वानी, बाजपुर व खटीमा में जलभराव से लोग परेशान

हो रखा है लेकिन सरकार को उनकी जान-माल की सुरक्षा की कोई परवाह नहीं है। जलभराव की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने आज जिला प्रशासन का घेराव किया। यशपाल आर्य का कहना है कि पूरा हल्द्वानी शहर जलभराव की समस्या से जूझ रहा है।

बाजपुर में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं गड़प्पू नदी का पानी लोगों के घरों में घुस चुका है कई गांव पानी में डूब चुके हैं। राज्य भर में सड़कों की बदहाल स्थिति है लेकिन सरकार को किसी बात की चिंता नहीं है। उधर एसडीएम हल्द्वानी ने भी लोगों की समस्याओं को स्वीकार करते हुए कहा कि जल निकासी की कोशिशें की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह नालियों में कूड़ा न डालें।

उधर उधम सिंह नगर और खटीमा में भी भारी बारिश के कारण भारी जलभराव के समाचार है। राज्य में 200 से अधिक सड़कें बारिश व भूस्खलन के कारण बंद हो चुकी हैं। तथा लोगों तक जरूरी सामान भी नहीं पहुंच पा रहा है। उधर नरेंद्र नगर और रानीपोखरी मार्ग भूस्खलन के कारण बंद हो गया है जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है। मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए पूर्वानुमान के अनुसार अभी राज्य में आगामी 7 अगस्त तक बारिश का सिलसिला यूं ही जारी रहने की बात कही गई है।

# शिव बारात में झूमे भक्त

संवाददाता

देहरादून। शिव शक्ति मंन्दिर मे चल रही शिवमहापुराण की कथा के दौरान शिव बारात की झांकी निकाली जिसमें भक्त झूम के नाचे व कथा का सार समझा। आज यहां देवभूमि उत्तराखंड के कथा मर्मज्ञ ज्योतिष्पीठ व्यास आचार्य शिव प्रसाद ममगाई ने शिव शक्ति मंदिर सरस्वती विहार में चल रही शिवमहापुराण की कथा में व्यक्त करते हुए कहा कि परमात्मा की दूरी ही राग द्वेष उत्पन्न करती है हमारा चित नित्य सांसारिक सुख ऐश्वर्य व विषयों में दौड़ता रहता है जो हमे अपने परमपिता से अलगाव कराता है यही पिता की दूरी हमारे अंतर्मन में दुख कष्ट द्वेष व राग उत्पन्न करते हैं अपने समस्त स्वार्थों का त्याग कर प्राणि मात्र का स्वार्थ निजी स्वार्थ समझने का पूर्ण प्रतिबिंब देखने के लिए एक ऐसे शांत सरोवर की आवश्यकता पडती है जहां पवन के झोंके जल को विचलित कर रहे हो। ऐसे ही शांत चित्त जो विषय वासनाओं व समस्त अच्छी बुरी इच्छाओं से ऊपर उठकर जब प्रभु में लीन हो जाय उस ब्रह्म का प्रकाश भक्त को प्राप्त होगा। आज शिव विवाह के पावन प्रसंग को श्रवण करते हुए भक्त गण शिव विवाह में आनन्दित होकर कोई घराती कोई बाराती बनकर झूम पड़े आयोजनकर्ताओं के द्वारा दिव्य झांकी के साथ शिव बारात निकाली गई। शिव पार्वती के साथ झूम पड़े भक्त अनेक प्रकार के प्रसाद बंटा गया गजेंद्र भण्डारी नें कहा 10 अगस्त तक चलेगी यह कथा। आज विशेष रूप से समिति के अध्यक्ष पंचम सिंह बिष्ट, गजेंद्र भंडारी रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ, बी एस चौहान, कैलाश तिवारी, विजय सिंह रावत, अनूप सिंह फर्त्याल, शिव शक्ति मंदिर मंदिर संयोजक मूर्ति राम बिजलवान दिनेश जुयाल, सुबोध मैठानी, सोहन सिंह रौतेला, बी पी शर्मा, मंगल सिंह कुट्टी, पी एल चमोली, पुष्कर सिंह नेगी, , आशीष गुसाई, दीपक काला आदि लोग उपस्थित थे।

## धारचूला में भूस्खलन से भारी तबाही

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। ऊपर से मलवा हटाने के बाद ही दुकानों को खोला जा सकेगा फिलहाल स्थानीय प्रशासन और सेना द्वारा युद्ध स्तर पर मलबा व पत्थरों को हटाने का काम किया जा रहा है।

# लघु व्यापारियों ने भी निकाली तिरंगा यात्रा

नगर संवाददाता

हरिद्वार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के दृष्टिगत लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के नेतृत्व में आज असंगठित क्षेत्र के रेडी पटरी के लघु व्यापारियों की हाथ ठेली तिरंगा यात्रा निकालकर उन्हे आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव में सम्मलित किए जाने का शुभारंभ किया।



इस अवसर पर संजय चोपड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर देशभर में सभी सामाजिक संस्थाएं आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव को सफल बनाने के लिए प्रयासरत हैं, आजादी के अमृत महोत्सव में रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को सम्मलित करने के लिए आज हाथ ठेली तिरंगा यात्रा निकालकर जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा यात्रा जनसंपर्क अभियान आगामी 15 अगस्त तक जारी रखे जाएंगे, रेडी पटरी के लघु व्यापारी अपने- अपने कारोबारी स्थानों के साथ अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाकर देशभक्ति का परिचय देंगे। चोपड़ा ने कहा आजादी के अमृत महोत्सव में भारत सरकार के निर्देशन में भारतवर्ष के 75 नगर निगम सम्मलित किए गए हैं। सभी नगर निगमों के माध्यम से रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के संरक्षण में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन का लक्ष्य बढ़ाकर रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दूसरे चरण में 20 से 50 हजार के बैंक लोन दिए जा रहे हैं। जोकि प्रसन्नता का विषय है।

आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव को सफल बनाने को लेकर हाथ ठेली की तिरंगा यात्रा निकालते रेडी पटरी के लघु व्यापारियों में राजेंद्र पाल, मनोज कुमार मंडल, प्रभात चौधरी, बिरेंद्र कुमार, मोहन लाल, राकेश कुमार, राजीव जैन, रवि शर्मा, मनीष पंडित, ओमप्रकाश भाटिया, सचिन राजपूत, जय सिंह बिष्ट, नईम सलमानी आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।




# एक किलो चरस के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने एक किलो चरस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मोटरसाईकिल को सीज कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर थाना पुलिस ने मालदेवता रोड पर चैकिंग के दौरान मोटरसाईकिल सवार दो युवकों को रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख मोटरसाईकिल वापस मोडकर भाग खडे हुए।

पुलिस ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने दोनों के कब्जे से एक किलो चरस बरामद कर ली।

पूछताछ में उन्होंने अपने नाम इश्तिखार पुत्र सुलेमान व शमशाद पुत्र मौहम्मद शफीक दोनों निवासी मिर्जापुर सहारनपुर बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मोटरसाईकिल सीज कर दी।

# शिक्षकों की मनमानी की शिकायत खण्ड शिक्षाधिकारी से की

संवाददाता

देहरादून। कालसी ब्लॉक के गांवों में चल रहे सरकार विद्यालयों में चल रही शिक्षकों की मनमानी से बच्चों का भविष्य अंधकारमय होने के खतरे की शिकायत खण्ड शिक्षाधिकारी से की गयी।



आज यहां डी बी एस पी जी कॉलेज में छात्र संघ के महासचिव रहे प्रदीप सिंह तोमर ने खंड शिक्षा अधिकारी और उप जिलाधिकारी को शिकायत करते हुए बताया कि कालसी ब्लॉक के अष्टी गाँव में पूर्व माध्यमिक विद्यालय अक्सर बंद रहता है पिछले 6 सालों से एक ही अध्यापक के सहारे स्कूल चल रहा है और वह अध्यापक भी अपनी मर्जी से स्कूल में आते हैं। दूसरी और हाईस्कूल भी नही चलता है नियमो के अनुसार सुबह अध्यापक देहरादून से 9 बजे पहुँचते है स्कूल और 12 बजे छुट्टी कर देते है पिछले सत्र में हाईस्कूल का परिणाम शून्य प्रतिशत रहा है। एक और बच्चों को अपने भविष्य की चिंता सता रही है वहीं अभिभावक भी परेशान है ऐसे में अभिभावक अपने बच्चों को शहर भेजने के लिए मजबूर हो रहे है जो की पलायन का मुख्यकारण बन रहा है। वही खंड शिक्षा अधिकारी ने तोमर की शिकायत को गंभीरता से लिया व तत्काल स्कूल का निरीक्षण किया । निरीक्षण में अष्टी के प्राथमिक स्कूल, जूनियर स्कूल व हाईस्कूल में बहुत सारी खामियाँ पायी गयी। खंड शिक्षा अधिकारी ने गाँव वालों को उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया है।

इस दौरान प्रदीप सिंह तोमर, जसपाल तोमर, शूरवीर तोमर, रवि तोमर, महेंद्र तोमर, राजेंद्र तोमर, आनंद तोमर, कुंदन तोमर, सुनील तोमर, रणवीर तोमर, राहुल तोमर, भोटू दास गोपाल वर्मा आदि समेत दर्जनों अभिभावक मौजूद रहे।




## एक नजर

# सहायक अध्यापक ने मिड-डे-मील का 11 करोड़ 46 लाख से अधिक की राशि का किया घोटाला

फिरोजाबाद । फिरोजाबाद के टूंडला क्षेत्र के गांव जाजपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापक चंद्र कांत शर्मा पर आगरा में विजिलेंस टीम ने मुकदमा दर्ज कराया है। चंद्रकांत शर्मा ने मिड-डे-मील का 11 करोड़, 46 लाख, 48 हजार, 500 रुपया का घोटाला कर हजम कर लिया, जिसको लेकर विजिलेंस की टीम इसमें आगे भी जांच कर रही है। सहायक अध्यापक



चंद्रकांत शर्मा ने 2008 से 2014 तक मिड डे मील का काम किया था और प्राथमिक विधालय में भोजन पहुंचाने की व्यवस्था करती रहती थी। शिक्षक चंद्रकांत शर्मा ने इन सारे रुपए गबन के लिये पूरी प्लानिंग की थी और उसने साल 2006 में सबसे पहले सारस्वत आवासीय शिक्षा सेवा समिति बनाई और चिटफंड कार्यालय में फर्जी दस्तावेजों से उसका पंजीकरण कराया। अलग-अलग बैंकों के द्वारा बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत से सुनील शर्मा के नाम से फर्जी एकाउंट बनाकर 11 करोड़ 46 लाख 48 हजार 500 रुपये की धनराशि उस खाते में ट्रांसफर कराई। सहायक अध्यापक चंद्रकांत शर्मा ने अकेले ही इतने बड़े घोटाले को अंजाम नहीं दिया।

# स्कूल में 'कलमा' विवादः विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन कानून के तहत मामला दर्ज

लखनऊ। कानपुर में सीसामऊ के एक निजी स्कूल पर विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन कानून के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एक निजी स्कूल में छात्रों को प्रार्थना के दौरान कलमा पढ़ाए जाने पर विवाद हो गया। कई अभिभावकों ने स्कूल जाकर विरोध दर्ज कराया है। हालांकि स्कूल की ओर से कहना था कि सुबह सभी धर्मों की प्रार्थनाएं कराई जाती हैं। मामला बढ़ता देख मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने सबको शांत कराया और इसके बाद स्कूल प्रबंधक के खिलाफ विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन कानून के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं स्कूल प्रबंधन की ओर से कहा गया है स्कूल की स्थापना साल 2003 में हुई थी तभी से सुबह प्रमुख धर्मों, हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई से जुड़ी प्रार्थनाओं का सुबह पाठ किया जाता है। लेकिन अब इस विवाद के सामने आने के बाद इन्हें बंद कर दिया गया है और इनकी जगह राष्ट्रगान गाया जाएगा।



# कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ली लिंगायत समुदाय की दीक्षा

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कर्नाटक का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने चित्रदुर्ग में श्री मुरुग मठ में डॉ. श्री शिवमूर्ति मुरुग शरणारू से लिंगायत समुदाय की दी जाने वाली दीक्षा प्राप्त की है। आमतौर पर यह दीक्षा इसी समुदाय के लोगों को दी जाती है। इस दीक्षा को लेने के बाद राहुल गांधी ने कहा है, मैं पिछले कुछ समय से गुरु बसवन्ना जी को पढ़ रहा हूं और उनको फॉलो कर रहा हूं। ऐसे में यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि मैं यहां



हूं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मठ में यह भी कहा है, मैं आपसे एक छोटा सा आग्रह करना चाहता हूं। अगर आप किसी को मेरे पास भेज दें ताकि मैं उनसे ईष्टलिंग और शिवयोग के बारे में विस्तार से समझ सकूं। मुझे अवश्यक रूप से इससे लाभ होगा। इससे पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा समेत पार्टी के कई नेताओं ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की हाथ में तिरंगा लिए तस्वीर डीपी (डिस्प्ले पिक्चर) के तौर पर लगाई। मुख्य विपक्षी दल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधते हुए यह सवाल भी किया कि जिन्होंने अपने मुख्यालय पर आजादी के बाद 52 साल तक तिरंगा नहीं फहराया, क्या वे प्रधानमंत्री की बात मानेंगे?

# उत्तराखण्ड को भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जायेगाः सीएम




कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सर्वे चौक स्थित आई.आर.डी.टी सभागार में सुशासन, पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड के सबंध में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि विजिलेंस का 02 करोड़ रूपये का रिवॉल्विंग फण्ड बनाया जायेगा। राज्य में विजिलेंस को सशक्त बनाया जायेगा, इसके ढ़ाचे एवं अन्य सुविधाओं को बढ़ाया जायेगा। विजिलेंस में सराहनीय कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 04 विसलब्लोवर को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त देवभूमि का संकल्प लिया है। 2025 तक उत्तराखण्ड को भ्रष्टाचार

### ❑विजिलेंस का 2 करोड़ रुपये का रिवॉल्विंग फण्ड बनाया जायेगा

मुक्त एवं नशामुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड के लिए सभी विभागों को विजिलेंस के साथ समन्वय से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में विजिलेंस को और मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि जो ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं, उन्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड के लिए 1064 एप लॉच होने के बाद से इस एप पर अभी तक 5 हजार से अधिक शिकायतें आ चुकी हैं। जो शिकायतें भ्रष्टाचार से संबंधित हैं, उन पर सतर्कता विभाग द्वारा लगातार कारवाई की जा रही, जो सराहनीय कार्य है। जो शिकायतें भ्रष्टाचार से संबंधित नहीं हैं, लेकिन 1064 पर प्राप्त हो रही हैं, उन्हें सीएम हेल्पलाईन से जोड़ा गया है, ताकि जन समस्याओं का तेजी से समाधान हो सके। इस दिशा में भी सतर्कता विभाग द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सरकार सरलीकरण, समाधान, निस्तारण एवं संतुष्टि के भाव से कार्य कर रही है।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, डीजीपी अशोक कुमार, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार, निदेशक सतर्कता अमित सिन्हा, शासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## चोरों ने खंगाला दवा कारोबारी का घर, लाखों के जेवरात व नगदी उड़ाई

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। रूड़की में चोरों द्वारा दवा कारोबारी के घर पर हाथ साफ करते हुए लाखों के जेवरात व नगदी चुरा ली गयी। घटना के समय पीड़ित परिवार मन्दिर गया हुआ था। वापस आने पर जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार देव इनक्लेव कालोनी निवासी संतोष कुमार मिश्रा द्वारा रूड़की सिविल लाइन कोतवाली में तहरीर देकर बताया गया कि सुबह लगभग पांच बजे वह अपने परिवार सहित मन्दिर गये थे। जब वह वापस लौटे तो घर का सामान अस्त व्यस्त देखकर उनके होश फाख्ता हो गये। पता चला कि चोरों द्वारा उनकी आलमारी में रखे दो लाख रूपये व लाखों के जेवरात चोरी कर लिए गये है। संतोष कुमार मिश्रा दवा कारोबारी है।

## छात्रा को फोन पर परेशान करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। छात्रा को बार-बार फोन कर उसको परेशान करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजपुर रोड स्थित एक कालेज की प्रधानाचार्य ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर बताया कि उनके संस्थान में पढने वाली एक नाबालिग छात्रा को मौहम्मद मुस्तफा नामक युवक बार-बार फोन कर परेशान कर रहा है। उसको कई बार समझाने के बाद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। जिससे छात्रा मानसिक रूप से परेशान हो रही है।

# टपकेश्वर महादेव की शोभा यात्रा नौ को




संवाददाता

देहरादून। श्री टपकेश्वर महादेव सेवा दल के संरक्षक महंत कृष्णा गिरी ने बताया कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भगवान टपकेश्वर महादेव की भव्य शोभा यात्रा नौ अगस्त को निकाली जायेगी।

आज यहां पल्टन बाजार में स्थित श्री जंगम शिवालय मन्दिर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए महंत कृष्णा गिरी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी टपकेश्वर महादेव की भव्य शोभा यात्रा को आयोजन किया गया है। शोभा यात्रा नौ अगस्त को प्रातः दस बजे श्री शिवाजी धर्मशाला से प्रारम्भ होकर श्री टपकेश्वर महादेव मन्दिर पर समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि 21वीं शोभा यात्रा होने के कारण यात्रा को ओर अधिक आकर्षित बनाने की कोशिश की जा रही है। देहरादून की जनता प्रथम बार भगवान शिव के 11 रूद्र रूप के दर्शन होंगे।

उन्होंने बताया कि बांके बिहारी जी वृन्दावन, भगवान टपकेश्वर के पार्थिव शिवलिंग की झांकी के अतिरिक्त भगवान टपकेश्वर के तीन डोले श्री दूधेश्वर, श्री पतेश्वर, व श्री देवेश्वर मुख्य आर्कषक का केन्द्र होंगे। इसके अतिरिक्त अंतर्राष्ट्रीय सुयोग बैंण्ड नागपुर जो देश-विदेश में अपनी उपस्थिति का ढंका बजवा चुका है। पंजाब बैण्ड सहारनपुर, अल्ताफ बैण्ड देहरादून भी अपनी मधुर धुनों से धर्म प्रेमी जनता को मंत्रमुग्ध करेंगे। उन्होंने बताया कि 21 शोभा यात्रा होने के कारण महाकाल उज्जैन की भस्म आरती में बाजने वाले डमरू-मृदंग बजाने वाली पार्टी को बुलाया गया है।

प्रेस वार्ता में अध्यक्ष गोपाल गुप्ता, महेश खंडेलवाल, दिनेश शर्मा, मुकेश कुमार भी शामिल थे।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, *एडवोकेट***
**बैजनाथ, *एडवोकेट***

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*